an>

title: Need to provide fair compensation to all the farmers in Uttar Pradesh distressed due to damage to their crops on account of unseasonal rains and hailstorms in the State.

**श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर)**ः इस वर्ष बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से हमारा अन्नदाता भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। देश की केन्द्र सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रभाव से किसानों के कष्ट को कम करने के लिए तथा मानवीय आधार पर भी लगभग सभी राज्यों को समुचित मुआवजा दिया गया है। आज माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करती हूँ कि समस्त उत्तर प्रदेश के जिले का सर्वे किया जाये तथा हर किसान की उचित क्षतिपूर्ति की जाए।

मैं उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व करती हूं, मेरे संसदीय क्षेत्र में 20 लाख किसान निवास करते हैं। सभी की फसलों को ओलावृष्टि से भारी नुकसान पहुंचा है। इस आपदा से अनुमानित 80 प्रतिशत फसल बर्बाद हो चुकी है। ज्यादातर किसान इस विपदा से ग्रसित हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों के नाम पर 56 करोड़ रूपया मुआवजे के रूप में दिखाया गया है जबकि वास्तविकता यह है कि 50 से 70 प्रतिशत किसान अभी भी मुआवजे से वंचित हैं। 40 से 50 प्रतिशत गांवों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। जिसका मूल कारण प्रशासन द्वारा किसानों को मुआवजे स्वरूप दी गई राशि में घोर विसंगति एवं उचित वितरण न होना है। जिन्हें मुआवजा मिलना चाहिए उन लोगों को मुआवजा न देकर जो सम्पन्न लोग थे उन्हें दे दिया गया और वे किसान जिनको मुआवजे की जरूरत थी वे आज भी दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए जिससे अन्नदाता को न्याय मिल सके।

अंत में, मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करती हूं कि किसानों को उचित मुआवजा समय पर दिया जाए जिससे किसान इस विपदा से निकल सकें।